हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 26 मार्च 2026

04 चैत्र नवरात्रि में निकली डुंडी यात्रा का कांग्रेस...



07 मुंगावली नगर गौरव अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को भावांजलि...





## समाचार संक्षेप

### ई-दक्ष केंद्र में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर प्रशिक्षण संपन्न



**गुना।** जिला ई-गवर्नेंस समिति के अंतर्गत स्थापित ई-दक्ष केंद्र में 25 मार्च 2026 को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी और सहायक लोक सूचना अधिकारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ प्रशिक्षक सोनेन्द्र सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अधिनियम 12 अक्टूबर 2005 को लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक प्राधिकरणों के कामकाज में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ाना है। इसके तहत भारत के प्रत्येक नागरिक को सरकारी निर्णयों, फाइलों और दस्तावेजों तक उचित पहुंच मिलती है।उन्होंने बताया कि सूचना का अधिकार प्रशासन को जनता के प्रति उत्तरदायी बनाता है, भ्रष्टाचार और सत्ता दुरुपयोग के अवसर घटाता है, और प्रशासनिक निर्णयों में जनता की भागीदारी बढ़ाता है। नागरिक साधारण कागज पर 10 आवेदन शुल्क के साथ सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसे 30 दिनों के भीतर निराकृत करना अनिवार्य है।कार्यक्रम में प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### शारदा विद्या निकेतन विद्यालय का कक्षा 8 एवं 5वीं का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**गुना।** राज्य शिक्षा केंद्र मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक परीक्षा में शारदा विद्या निकेतन विद्यालय का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा जिसमें कक्षा 8 व 5 में सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। अनन्या जाटव ने 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही नैतिक धाकड़ ने 90%, अर्जुन यादव ने 90%, अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय और तृतीय, स्थान प्राप्त किया।कक्षा 5 में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा जिसमें प्रथम स्थान पर मेहरीन इकबाल ने 90%, द्वितीय स्थान पर राधे अहिरवार ने 86% तृतीय स्थान, प्रतिष्ठा शर्मा 85%प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष अमित सोगानी एवं प्राचार्य दिनेश अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### युवा संगम कार्यक्रम में 121 युवाओं को नौकरी के ऑफर, 4280 हितग्राहियों को 12 करोड़ का लाभ वितरण




**गुना।** बुधवार को शासकीय महाविद्यालय, आरोन में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना था। इस दौरान निजी क्षेत्र की छह कंपनियों ने 218 युवाओं का साक्षात्कार लिया, जिसमें 181 का प्रारंभिक चयन हुआ और 121 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। एसडीएम महेश बमन्हा ने युवाओं को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई।कार्यक्रम में युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, बैंकर्स द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण और कौशल विकास योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। आईटीआई प्राचार्य सुश्री श्वेता कुशवाह ने राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी दी।विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के तहत 4280 हितग्राहियों को 12 करोड़ 58 लाख रुपये का लाभ वितरण ऑनलाइन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, खादी ग्राम उद्योग योजना एवं मत्स्य उद्योग विभाग के अंतर्गत लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीना, क्षेत्रीय एसबीआई प्रबंधक, एलडीएम, ग्रामोद्योग अधिकारी, प्राचार्य, नगर निगम अधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवाओं और हितग्राहियों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान युवा संगम ने युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराने का महत्व दर्शाया।

# नपा अध्यक्ष ने टेकरी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री एवं नगर पालिका की टीम द्वारा टेकरी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। प्रातः नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा श्री हनुमान टेकरी मंदिर पहुंचकर टेकरी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया गया।

ज्ञात हो कि आगामी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर टेकरी मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन किया जाता है तथा टेकरी मंदिर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, जिसमें आसपास के ग्रामीण एवं श्रद्धालु दर्शन करने हेतु आते हैं। उक्त आयोजन में नगर पालिका परिषद द्वारा विद्युत प्रकाश



व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था साफ सफाई,अग्निशमन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाती हैं, जिनका निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता द्वारा किया गया तथा नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए,अग्निशमन दस्ते को मुस्तैदी से कार्य करने हेतु कहा गया । नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि बूढ़े बालाजी स्थित पानी की टंकी पर अतिरिक्त मोटर रखने रखने के निर्देश दिए हैं जिससे टेकरी मार्ग में पानी सप्लाई निर्वाध रूप से जारी रहे यदि कोई खराबी आती है तो तत्काल मोटर बदलकर पानी की सप्लाई सुचारु बनाई जा सके । निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता, सहायक यंत्री शैलेंद्र अवास्या, टेकरी समिति अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गुलशन जुनेजा ,आलोक नायक, राजेश अग्रवाल,चिरोंजी लाल प्रजापति,ओ पी बरोनी, के साथ नगर पालिका के उपयंत्री नितिन चंदेल,विद्युत शाखा प्रभारी नरेंद्र नोनेरिया, शकील खान, बृजमोहन खरे, जल प्रकोष्ठ से रामनारायण आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## उमरी रोड पर लंबा जाम लगा, दशहरा मैदान पर भी हालात अच्छे नहीं

# बंपर आबक में किसानों की हो रही फजीहत नागरिकों को नहीं मिल रही जाम से राहत





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नानाखेड़ी मंडी में पिछले दो दिनों से बंपर आवक हो रही है। छुट्टी के बावजूद रविवार से ही किसानों का मंडी पहुंचना प्रारंभ हो गया था। अभी तक किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपनी उपज को लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं। इस बीच उमरी रोड पर वाहनों का लंबा जाम लग गया, घंटों जाम की स्थिति बनी रही और ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य सैंकड़ों छोटे-बड़े वाहन जाम में फंसे रहे।नानाखेड़ी मंडी गेट से उमरी रोड तक करीब दो किलोमीटर तक ये वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। इसमें सबसे ज्यादा किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉली फंसे हुए थे। उमरी की ओर से मंडी आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं मंडी में नीलामी के बाद उमरी रोड पर स्थित धर्म कांटे पर तुलाई के लिए पहुंचने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली दोनों ओर फंसे रहे, इसलिए अन्य वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया। दोपहरके समय करीब दो घंटे तक यहां जाम की स्थिति बनी रही। अपनी उपज को लेकर मंडी जा रहे किसानों ने बताया कि हम मंडी जा रहें हैं, लेकिन डेढ़ घंटे से उमरी रोड पर लंबे जाम में फंसे हुए हैं, जाम खुलवाने कोई नहीं आया है, धीरे-धीरे वाहन आगे बढ़ रहे हैं। पूरी रोड पर जाम लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि नेगमा रोड पर स्थित धर्म कांटे पर जगह नहीं है, वहां ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़े करने जगह नहीं बची है, इसलिए ये लंबा जाम लगा हुआ है।

वहीं मंडी से धर्म काटे पर तुलाई के लिए जा रहे एक किसान ने बताया कि मंडी में नीलामी के बाद धर्म कांटे पर जा रहे हैं। दो घंटे से जाम में ट्रैक्टर-ट्रॉली फंसे हुए हैं। मंडी से लेकर धर्म कांटे तक जाम लगा हुआ है। चिलचिलाती धूप और गर्मी के बीच जाम में फंसे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। इस दौरान किसान सहित अन्य लोगों में अव्यवस्थाओं के लिए नाराजगी भी दिखी।

### ...और यहां भी तप रहे हैं धूप में

ट्रैक्टर तालियां की बढ़ती हुई तादाद को देखते हुए हमेशा की तरह इस बार भी दशहरा मैदान में उन्हें रोकने का बंदोबस्त कर दिया गया है लेकिन यहां छांव की कोई व्यवस्था नहीं है। मैदान के एक कोने में एक छोटा सा टेंट लगा दिया है जो न काफी है जिससे किसान परेशान हो रहे हैं । इस तपती दोपहरी में हालांकि पानी पीने के लिए तो टैंकर रखवाए गए हैं जो कहीं न कहीं किसने की मुसीबत को थोड़ा बहुत कम करने का साधन कह सकते हैं। लेकिन फिर भी इस तरह से किसानों को तादाद के मुताबिक जितनी पानी की जरूरत है तो उनकी कैने ज्यादातर खाली ही नजर आ रही है।

यशी कुशवाह ने आठवीं कक्षा में उपलब्धि हासिल की

## बिना कोचिंग और सपोर्ट के 85 प्रतिशत से ऊपर अंक हांसिल किए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



पिता पत्रकार, लेकिन आर्थिक समस्या के कारण फीस न भरने के कारण दो महीने रही स्कूल से दूर अपने दम पर हांसिल की सफलता अब चाहती है अपने से छोटे बच्चों को पढ़ाना संघर्ष से सफलता तकः यशी कुशवाह की प्रेरणादायक कहानी आर्थिक तंगी, स्कूल से दूरी और बिना किसी कोचिंग या खास सपोर्ट के भी अगर कोई छात्रा 85% से ज्यादा अंक हासिल कर ले, तो यह अपने आप में एक मिसाल बन जाती है। ऐसी ही कहानी है रूठीयाई निवासी आठवीं कक्षा की छात्रा यशी कुशवाह की।यशी के पिता एक पत्रकार हैं, लेकिन आर्थिक समस्याओं के चलते वह समय पर स्कूल की फीस नहीं भर पाए। इसी कारण यशी को करीब दो महीने तक स्कूल से दूर रहना पड़ा। जहां एक तरफ ये मुश्किलें किसी भी बच्चे के हौसले को तोड़ सकती थीं, वहीं यशी ने इसे अपनी ताकत बना लिया। बिना कोचिंग और अतिरिक्त मदद के, यशी ने घर पर ही मेहनत जारी रखी और अपने दम पर 85% से अधिक अंक हासिल कर सभी को चौंका दिया। यह सफलता सिर्फ अंक नहीं, बल्कि उसकी लगन, आत्मविश्वास और मेहनत का परिणाम है।

अब यशी का सपना सिर्फ खुद आगे बढ़ना नहीं है, बल्कि वह अपने से छोटे बच्चों को पढ़ाकर उन्हें भी आगे बढ़ने में मदद करना चाहती है। यशी कुशवाह की यह कहानी बताती है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो हालात चाहे जैसे भी हों, सफलता जरूर मिलती है।

## कीटनाशक के असर से किसान की मौत खेत में काम के दौरान बिगड़ी थी तबीयत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम सगा बरखेड़ा में एक किसान की कीटनाशक दवा के प्रभाव में आने से मौत हो गई। 60 वर्षीय मुसाब सिंह यादव अपने खेत में हरी मूंग की फसल पर दवा का छिड़काव कर रहे थे, तभी उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए।

परिजन तुरंत उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।परिजनों के अनुसार दवा तैयार करते समय उन्होंने सावधानी नहीं बरती और उसी दौरान हाथ लगे होने के बावजूद जर्दा खा लिया, जिससे जहरीले तत्व शरीर में चले गए और उनकी हालत गंभीर हो गई। डॉक्टरों ने उपचार का प्रयास किया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और मौत के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## गुना के थाना म्याना क्षेत्र में देर रात 2:45 बजे प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को डायल 112 के जवानों ने अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना के थाना म्याना क्षेत्र में ग्राम लहार कोटा में एक महिला को असहनीय प्रसव पीड़ा हो रही है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 25 मार्च को रात्रि 2:45 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल म्याना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक अमनप्रीत चीमा एवं पायलेट विवेक रघुवंशी ने मौके पर पहुँचकर बताया कि देर रात एक महिला को असहनीय प्रसव पीड़ा हो रही थी, चिकित्सा वाहन व्यस्त होने एवं अस्पताल पहुँचने का अन्य कोई साधन उपलब्ध नहीं होने पर,डायल-112 जवानों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित महिला को परिजन के साथ एफआरव्ही वाहन से लेकर रवाना हुए रास्ते में डुंगासरा चौराहे के पास असहनीय दर्द होने पर परिजन ने प्रसव कराया, प्रसव उपरांत महिला एवं नवजात बच्ची को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्याना में भर्ती कराया। जहाँ महिला एवं बच्ची का उपचार किया जा रहा है।



## गुना में एसपी के ट्रांसफर पर बवाल मचा, सड़कों पर उतरा हिंदू समाज

▶ अंकित सोनी के समर्थन में लोगों ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बुधवार को गुना जिले की सड़कों पर दिल को छू देने वाला दृश्य देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के भोपाल ट्रांसफर के विरोध में हजारों लोग, महिलाएं, युवा और समाज के विभिन्न संगठन एकजुट होकर उनके समर्थन में सड़कों पर उतर आए। लोगों ने न केवल रैली निकाली बल्कि कलेक्ट्रेट तक अपने प्यार और आभार के साथ ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अंकित सोनी ने अपने कार्यकाल में न केवल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की, बल्कि हर नागरिक को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उनके नेतृत्व में गुना में कानून व्यवस्था इतनी मजबूत हुई कि हर घर में लोग सुरक्षित महसूस करने लगे। प्रदर्शन में शामिल नागरिकों ने भावुक होकर कहा कि "एसपी अंकित सोनी केवल एक अधिकारी नहीं, बल्कि हमारी सुरक्षा और भरोसे की मिसाल हैं।" उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि इस अचानक ट्रांसफर को रद्द किया जाए या उन्हें पुनः गुना में ही पदस्थ किया जाए।यह विरोध न केवल नाराजगी का प्रतीक था, बल्कि जिलेवासियों का उस व्यक्ति के प्रति सच्चा प्यार और आभार भी सामने आया, जिसने हर नागरिक की सुरक्षा और विश्वास को अपनी प्राथमिकता बनाया। यह दृश्य लोगों के दिलों में लंबे समय तक याद रहेगा।




## अपराधियों को सख्त चेतावनी और जनता को सुरक्षा का भरोसा

▶ कमान संभालते ही नवागत एसपी हितिका वसल एक्शन मोड में



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की कमान संभालते ही नवागत पुलिस अधीक्षक हितिका वसल एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। मंगलवार शाम शहर की कानून व्यवस्था का जायजा लेने और आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करने के उद्देश्य से एसपी के नेतृत्व में जिले के आला अधिकारियों और भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च शुरू होने से पूर्व सिटी कोतवाली में पुलिस बल एकत्रित हुआ। यहाँ एसपी हितिका वसल ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ब्रीफिंग देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी के दौरान अनुशासन और आम जनता के प्रति संवेदनशीलता सर्वोपरि होनी चाहिए, साथ ही अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ बना रहना चाहिए। इसके पश्चात कोतवाली से शुरू हुआ फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरा। इस दौरान एसपी स्वयं पैदल चलकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करती नजर आईं। फ्लैग मार्च में एएसपी मानसिंह ठाकुर, सीएसपी प्रियंका मिश्रा सहित सभी थानों के प्रभारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। इस पैदल मार्च के जरिए पुलिस ने यह संदेश दिया कि शहर की शांति भंग करने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस 24 घंटे नागरिकों की सुरक्षा के लिए मुस्तैद है।

टीएस न लेने वाले उपयंत्रियों की पोल खोली, केंद्रीय मंत्री को नपाध्यक्ष ने पत्र लिखा

# गुना में रुके 18.40 करोड़ के विकास कार्यों को तकनीकी स्वीकृति मिलने का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद में पिछले सात महीनों से अटके विकास कार्य अब आगे बढ़ने की उम्मीद जग गई है। नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की सक्रियता के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र लिखकर गुना के सभी 37 वार्डों के विकास कार्यों के लिए तकनीकी स्वीकृति देने के निर्देश जारी किए हैं। अब जो विकास के कार्य रुके हुए थे वे जल्दी ही शुरू हो जाएंगे।

### अधिकारियों की लापरवाही पर नपाध्यक्ष का कड़ा रुख

सविता गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी और तकनीकी अमले की हीलाहवाली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने बताया कि अगस्त-सितंबर 2025 में स्वीकृत करीब 50 टेंडरों को तकनीकी स्वीकृति न लेने के कारण बिना खोले ही निरस्त कर दिया गया था। उन्होंने उपयंत्रियों और सहायक यंत्री को निर्देश दिए कि पीआईसी बैठकों में स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति एक सप्ताह के भीतर लेकर निविदाएं जारी की




जाएं।नपाध्यक्ष ने पत्र में यह भी स्पष्ट किया कि पिछले 3-4 महीनों से वे लगातार निर्देश देने के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्वालियर स्थित कार्यपालन यंत्री ने कहा कि यदि गुना नपा का अमला आवश्यक फाइल ऑनलाइन या ऑफलाइन भेजे तो वे तुरंत स्वीकृति दे देंगे, फिर भी स्थानीय तकनीकी अधिकारियों की सुस्ती चिंता का विषय बनी हुई है।

### सिंधिया के हस्तक्षेप से रुके कामों को मिलेगी गति

सविता गुप्ता की शिकायत पर केंद्रीय मंत्री ने 20 मार्च को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र भेजा। इसमें 18.40 करोड़ रुपये के 60 विकास टेंडरों को तकनीकी स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया गया। इससे लंबे समय से रुकी सड़कें, नालियां और मुक्तिधाम जैसे महत्वपूर्ण कार्य अब जल्द शुरू होने की संभावना बढ़ गई है।अध्यक्ष के इस कदम की वार्डवासियों और पार्षदों द्वारा सराहना की जा रही है। नपाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि अगर अब भी कोई अधिकारी लापरवाही बरतेगा तो उसका मामला सीधे नगरीय प्रशासन विभाग, भोपाल भेजा जाएगा।इस पहल से गुना में अटके विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है और शहरवासियों को लंबे समय से रुके हुए कार्यों का लाभ मिलने की संभावना बढ़ गई है।

## समाचार संक्षेप

### महाविद्यालय में व्याख्यान माला संपन्न

राघोगढ़। शासकीय महाविद्यालय राघोगढ़ में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ में 'वर्तमान सन्दर्भ में साइबर सुरक्षा के महत्व' विषय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ माया परस्ते के द्वारा मां सरस्वती की स्तुति एवं माल्यार्पण कर किया गया। डॉ. परस्ते ने छात्र-छात्राओं को मोबाइल के उपयोग में सतर्कता रखने के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रोफेसर हीरालाल पटेल ने विद्यार्थियों को बताया कि



वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा बहुत ही आवश्यक है, डिजिटल युग में हमें अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सार्वजनिक होने से बचना चाहिए ,उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा तकनीक से नहीं जागरूकता से मजबूत होती है। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सोनाली सक्सेना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी संकाय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. पूनम नामदेव , कुं. प्रतिभा दुबे , डॉ.राजीव शर्मा, डॉ. रजनी शर्मा , श्रीमती मीना मेवाड़े , डॉ. पूर्णिमा गुप्ता , श्री योगेश कुमार भदोरिया डॉ. निसार अहमद गनी एवं श्रीमती रिंकी जादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यालय स्टाफ ने अपना सहयोग प्रदान किया ।अंत में आभार डॉ. विजय सिंह कुशवाहा ने माना।

### इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल बीनागंज का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

चांचौड़ा। इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल बीनागंज का बोर्ड परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। कक्षा 8 में उमंग मीना ओर जिया मीना ने 92% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, गौरी नामदेव ने 91% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान ,शिवम विश्वकर्मा ने 90.83% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 5 में अर्जुन विश्वकर्मा ने 91.75% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, आराध्या मीना ने 89.75% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, जिज्ञासा शिवहरे ओर दिव्यल साहू ने 88.75% अंक प्राप्त तृतीय स्थान प्राप्त किया है।इनके अलाबा कक्षा 8 में राधिका मीना 90.33%, नैंसी मीना 89.33%, वंशिका सेन 89.16%, प्रियांशी मीना 89%, ऐश मीना 88.83%, उमराह खान 88.66%, वैष्णवी मीना 88.66%, राज कुशवाह 88.66%, वर्षा मीना 88.66%, देव राजपूत 88.66%, लक्षिका शिवहरे 88.5%, विवेक मीना 88.33%, पलक शर्मा 88.16%, आयुष मेर 87.83%, अजित सहरिया 87.83%, दलवीर मीना 87.5%, संध्या राजपूत 87.5%, आदित्य लोधा 87.5%, सुमित मीना 87%, युवराज मीना 87% यश मीना 86.83%, कनक राव 86.83%, माधव मीना 86.83%, अरविंद लोधा 86.66%, विवेक राजपूत 86.66%, परी मीना 86.33%, किशोरी मीना 86%, राधिका मीना 85.5%, प्रिया मीना 85.33%, ऋतुराज भिलाला 84.66%, कृष्णा मीना 84.66%, अनुष्का मेर 84.16%, नीशू लववंशी 84.16%, राजवीर मीना 84%, चेतन मीना 82.83%, अनिकेत मीना 82.66%, हिमांशु विश्वकर्मा 82.5%, प्रदीप लोधा 81.66% और गौरव मीना ने 81.33% अंक प्राप्त किए।कक्षा 5 में भैरवी मीना 88.25%, नर्वदा मीना 87.25%, कनक सोंधिया 87%, माही मीना 86.75%, नंदिनी लोधा 86.5%, पूनम सेन 86%, प्रज्ञा मीना 85.75%, अरुण कुशवाह 85.5%, आयुष मीना 85% , ध्रुव मीना 83.75%, खुशबू मोगिया 83.75%, अनिकेत घोसी 83.75%, वंश मीना 83.25%, वैभव मोगिया 83.25%, संत कुमार मीना 83%, प्रियांशु मीना 82.25%, भूपेंद्र मीना 81.75%, कासिम खान 81%, मुदितराज सुमन 80.75%, आकाश मोगिया 80.75%, वैष्णवी मीना 80.5%, बलराम मीना 80.5%, वंश प्रताप राजपूत 79.5%, जयदेव यादव 79%, मानसी मीना 76.25%, आर्यन शर्मा 74.5%, देवेंद्र भील 74.25%, वंश बालोटिया 72%, राघव मीना 70.25%, गणेश माली 69.75%, हर्षिल मीना 69%, हिर्देश मीना 69%, प्रियांश मीना 67.5%, प्रियांश मीना 65%, डेविड अहिरवार 61.75% ओर पुखराज अहिरवार ने 60.25% अंक प्राप्त किए।प्राचार्य मनोज शिवहरे ने बताया कि ये उपलब्धि शिक्षकों ओर छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। प्राचार्य ने सभी छात्रों को बधाई दी है।





# चैत्र नवरात्रि में निकली डुंडी यात्रा का कांग्रेस परिवार ने किया भव्य स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में वर्षों पुरानी आस्था और परंपरा का प्रतीक डुंडी यात्रा श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ निकाली जा रही है। श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर यह भव्य यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आगे बढ़ रही है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।मान्यता के अनुसार हनुमान जी वर्ष में एक बार नौ दिनों तक नगर भ्रमण करते हैं। इसी परंपरा के तहत डुंडी यात्रा में काष्ठ निर्मित हनुमान जी की प्रतिमा को विनोद शर्मा द्वारा सिर पर धारण कर पूरे नगर में भ्रमण कराया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ यात्रा का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा, आरती और जलपान की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं की सेवा की गई।इसी क्रम में डुंडी यात्रा के छठे दिन गुलाबगंज चौराहे पर कांग्रेस परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पं. रामदयाल शास्त्री के सानिध्य में हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा 101 थालियों से आरती उतारी गई। इस अवसर पर श्री राम मंदिर के पुजारी बालकृष्ण शर्मा 'बल्लू महाराज' का नगर कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति शर्मा द्वारा सम्मान भी किया गया। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया गया।कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल लाल जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, नगर अध्यक्ष शक्ति शर्मा, सेवादल अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान शिक्षक धर्मेंद्र शर्मा द्वारा सामूहिक संगीत के साथ सुंदरकांड पाठ किया गया, जिससे वातावरण और अधिक भक्तिमय एवं आध्यात्मिक हो गया। इसके अलावा सराफा बाजार एवं श्री दास हनुमान मंदिर परिसर में भी यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।चैत्र नवरात्रि में निकली यह डुंडी यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और परंपराओं के संरक्षण का भी सशक्त संदेश देती नजर आई।

राघोगढ़ में नवरात्रि की धूम, आस्था में जुटे श्रद्धालुगण

## देवगढ़ पहाड़ स्थित मां काली मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना का पावन पर्व शारदीय नवरात्रि गुरुवार से शुरू हो चुका है। इस दौरान श्रद्धालु पूरे विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना को विशेष महत्व दिया जाता है। वर्ष में दो बार आने वाले नवरात्रि पर्व का अपना अलग धार्मिक महत्व होता है।नगर में कई स्थानों पर माता रानी के मंदिरों में विशेष सजावट की गई है, लेकिन देवगढ़ पहाड़ पर स्थित मां काली मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां शाम होते ही सैकड़ों श्रद्धालु नंगे पैर सीढ़ियां चढ़कर माता के दर्शन करने पहुंचते हैं। मान्यता है कि जो भक्त 250 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़कर सच्चे मन से माता के दर्शन करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है।नवरात्रि के अवसर पर यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपनी आस्था लेकर पहुंचते हैं। मंदिर समिति के सदस्य महेंद्र सिंह सिसोदिया और भोला सिसोदिया ने बताया कि करीब 16 वर्ष पूर्व यहां केवल एक छोटा सा चबूतरा था, जिसे उनके पिता रघुनाथ सिंह सिसोदिया और जनसहयोग से भव्य मंदिर का रूप दिया गया तथा माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।वहीं नगर के समाजसेवी विजय कुमार साहू द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया है। भक्तों का कहना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है।नवरात्रि के नौ दिनों तक विशेष पूजन-पाठ और आरती का आयोजन किया जा रहा है। शाम की आरती के समय भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। पहाड़ी से पूरे नगर का मनमोहक दृश्य दिखाई देता है और देर रात तक भक्तों की लंबी कतारें लगी रहती हैं।बुधवार को सप्तमी के अवसर पर विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पूरे राघोगढ़ नगर में नवरात्रि को लेकर भक्तिमय वातावरण और उत्साह का माहौल बना हुआ है।



## आरोन जैन समाज ने आर्यिका 105 विज्ञान मति माताजी को चातुर्मास हेतु किया निवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

दिनांक 22 मार्च 2026 को आरोन जैन समाज के लगभग 100 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बस एवं निजी वाहनों से इंदौर पहुंचा। वहां पूर्व से विराजित आर्यिका 105 विज्ञान मति माताजी से वर्ष 2026 के चातुर्मास हेतु निवेदन करते हुए श्रीफल भेंट किया गया।इस अवसर पर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष विजय कुमार डोडिया, मंत्री संजय जैन कंचू, कोषाध्यक्ष जिनेंद्र जैन गोयल, ऑडिटर संतोष जैन कलेशिया, गौशाला अध्यक्ष नरेश चंद जैन, सह सचिव सुनील कुमार चबूतरा, वरिष्ठ सदस्य आजाद जैन कलेशिया, पूर्व मंत्री राजीव जैन कांसल, संजीव जैन रामपुर, नितेश काला देव सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक पूज्य माताजी से आरोन नगर में चातुर्मास करने का आग्रह किया। इस पर माताजी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2002 में भी पूज्य माताजी का चातुर्मास आरोन में हुआ था। लगभग 24 वर्षों बाद पुनः ऐसी संभावना जताई जा रही है कि वर्ष 2026 में आरोन जैन समाज को माताजी का सानिध्य प्राप्त हो सकता है। इससे समाज में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।



# ग्राम समितियों तक मनाया जा रहा श्रीराम जन्म महोत्सव, बकान में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाने वाला श्रीराम नवमी पर्व पूरे विश्व में श्रीराम प्राकट्योत्सव के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा राष्ट्रीय स्तर से लेकर ग्राम समितियों तक सर्व हिंदू समाज के साथ मिलकर इस पर्व को मनाने का लक्ष्य तय किया गया है।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से लेकर रामनवमी तक विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आरोन प्रखंड की ग्राम समिति द्वारा बकान गांव के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत राम दरबार की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष राजेश शास्त्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संगठन की स्थापना, उद्देश्य एवं उसके




संघर्षपूर्ण सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने दिव्य राम मंदिर निर्माण का भी उल्लेख किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन समरसता, त्याग और आदर्शों का प्रतीक है। शबरी के प्रेम, निषादराज की मित्रता, केवट प्रसंग, वनवास जीवन और रावण वध जैसी घटनाएं समाज को एकता और सद्भाव का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि भाई-भाई का प्रेम, पति-पत्नी का समर्पण, पिता की आज्ञा का पालन और कर्तव्यनिष्ठ जीवन जैसे आदर्श हमें श्रीराम के जीवन से सीखने को मिलते हैं।कार्यक्रम के अंत में विहिप प्रखंड मंत्री दीपक ओझा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रामकृष्ण धाकड़, हरवीर रजक, राहुल दांगी, गजराम, नीलेश, संतोष, सौरभ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्रीराम जन्मोत्सव पर आरोन में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

आरोन। श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रघुवंशी समाज, आरोन द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में समस्त धर्मप्रेमी सनातन समाज के भाई-बहनों को सहपरिवार शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है।आयोजकों के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अवतरण धर्म की स्थापना, संतों की रक्षा, गौ माता की सेवा एवं अधर्म के विनाश के लिए हुआ। इसी पावन भाव के साथ नगर में भक्ति और उत्साह के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।यह भव्य शोभायात्रा चैत्र शुक्ल रामनवमी, शुक्रवार 27 मार्च को प्रातः 8 बजे श्री दास हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर सनकादिक आश्रम तक निकाली जाएगी। आयोजकों ने नगर के सभी सम्मानित नागरिकों, सनातन धर्मावलंबियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।



## शाढ़ौरा में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाढौरा द्वारा जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ परिषद के संभाग समन्वयक सुशील बरुआ द्वारा बुधवार को सिया कंप्यूटर अमोदा रोड के पास, शाढौरा अशोकनगर में किया गया।

उन्होंने जल गंगा समर्थन अभियान के अंतर्गत जल बचाने की अपील की तथा जल का संचय करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान,विकासखंड समन्वयक मनोज यादव,नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी के अध्यक्ष विवेक रघुवंशी,नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कमलेश शर्मा तथा सचिव उमेश रघुवंशी, परामर्शदाता गणेश राम अहिरवार, सडुमरा समिति के अध्यक्ष राजीव रघुवंशी, जलालपुर समिति के अध्यक्ष अमित रघुवंशी, एमएसडब्ल्यू के छात्र अवधेश रघुवंशी व नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य सिद्धार्थ रघुवंशी, सूर्यप्रताप रघुवंशी, गौतम शर्मा व गौरव जाट उपस्थित थे।

## पठार स्थित फिल्टर प्लांट पर कचरा गाड़ी का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने आज पठार स्थित फिल्टर प्लांट पहुंचकर कचरा गाड़ियों एवं ट्रैक्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक-एक वाहन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और जानकारी ली कि कौन-कौन से वाहन चालू स्थिति में हैं तथा किन वाहनों में तकनीकी खराबी है।

निरीक्षण के दौरान मनोरिया ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खराब वाहनों को तत्काल सुधारकर संचालन में लाया जाए, ताकि नगर की सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समय पर एवं व्यवस्थित तरीके से पूरे किए जाएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौक़े पर नगर पालिका इंजीनियर भानू कुशवाहा, रिंकू शर्मा, अमर यादव, बाबा शिवहरे, निक्की दुआ, शिव शर्मा सहित स्टॉफ उपस्थित रहा।



## पिपरई में चौधरी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक बृजेंद्र सिंह ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

नगर में आयोजित होने वाले तीसरे चैधरी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने शुभारंभ किया।

पार्षद प्रतिनिधि राहुल यादव ने बताया कि यह टूर्नामेंट हर साल की भांति इस साल भी रखा गया है, जिसमें फाइनल मैच जीतने वाले विजेता टीम को आयोजन कमेटी की ओर से प्रथम पुरुस्कार 51000 एवं शील्ड और उपविजेता टीम को 21000 और शील्ड दी जाएगी।

आयोजन की शुरुआत में उद्घाटन के लिए विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव एवं सांसद प्रतिनिधि लाखन सिंह कटारिया विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह लालू यादव एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कप्तान सिंह यादव पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप यादव एवं समस्त पिपरई नगर वासी उपस्थित रहे।




### श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर दुर्गा सप्तशती पाठ किया गया



अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में मनाया जा रहा है नवरात्र महोत्सव एवं दुर्गा सप्तशती पाठ किया गया। उन्होंने बताया कि आज मां दुर्गा जी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से पूजन की गई। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर आज सात कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया उनका फल मेंवा मिठाई व गुड़ चना भी प्रसाद के रूप में दिए गए एवं अन्य कन्याओं का भी सम्मान किया गया तथा रात्रि में सूक्त का पाठ किया गया। काली माता की आकृति बनाकर साक्षात पूजन भी की गई। यहां पर 10 वर्ष से छोटी कन्याओं का पूजन प्रतिदिन किया जा रहा है एवं घी की अखंड दो ज्योति जलाई जा रही है। मैया की सुबह शाम दोपहर तीन बार आरती की जाती है कन्या पूजन का सौभाग्य वीरान पटवा एवं हल्के सेन को प्राप्त हुआ।


### जाहिर सूचना

यह कि मेरे पक्षकार सुबोध कुमार गुप्ता द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि एक भवन पक्का तीन मंजिला शिक्षक कॉलोनी अशोकनगर में रामवती पत्नि कृष्णपाल सिंह यादव निवासी शिक्षक कॉलोनी अशोकनगर के स्वामित्व व आधिपत्य का स्थित है जिसकी चौड़ाई उत्तर से दक्षिण की ओर 18 फुट, लम्बाई पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर 30 फुट यानि 540 वर्गफुट में बना है जिसकी उत्तर दिशा में अजय रघुवंशी का मकान, दक्षिण दिशा में रामकली शर्मा का मकान, पूर्व दिशा में श्री पाल यादव का मकान, पश्चिम दिशा में आमरास्ता है। उपरोक्त भवन को श्रीमती रामवती यादव द्वारा मेरे पक्षकार सुबोध कुमार गुप्ता से दिनांक 09.09.2024 को विक्रय करने की चर्चा हुई तथा 10 लाख रुपये में उक्त भवन मेरे पक्षकार को विक्रय करने की सहमति बनने पर उसी दिन मेरे पक्षकार द्वारा 1,90,000/ रुपये (एक लाख नब्बे हजार रुपये) नगदी आप रामवती यादव को आपके पति के समक्ष प्रदान किये तथा दिनांक 10.09. 2024 को दो चैक आई.डी.बी.आई. बैक राशि 3-3 लाख रुपये के दिये भवन संबंधी समस्त कागजात आप पर उपलब्ध नही होने से दिनांक 11.09.2024 को एक अनुबंधपत्र रजिस्ट्रार कार्यालय अशोकनगर में मेरे पक्षकार के हित में संपादित किया जिसमें आपने 7,90,000/ रुपये अंकन सात लाख नब्बे हजार रुपये प्राप्त करने एवं शेष 2,10,000/ रुपये अंकन दो लाख दस हजार रुपये दिनांक 10.08.2025 को प्राप्त कर विक्रय पत्र सम्पादित कराने का लेख किया था लेकिन रामवती यादव द्वारा आज तक मेरे पक्षकार के हित में विक्रयपत्र सम्पादित नही कराया तो मेरे पक्षकार ने समय समय पर अपने अभिभाषक के माध्यम से सूचनापत्र दिये जिसका कोई उत्तर आपने नही दिया आपके मन में वदयांति आ गई और मेरे पक्षकार के अलावा किसी अन्य को अनुबंधित भवन का विक्रय करना चाहती है जिसका आप रामवती को कोई अधिकार प्राप्त नही है। आपके उपरोक्त कृत्य को देखते हुये मेरे पक्षकार को यह जाहिर सूचना जारी करना आवश्यक हो गया कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भवन एवं विक्रेता से विवादित भवन क्रय न करे न कोई अनुबंध करें यदि ऐसा आप करती है तो उसमें होने वाले व्यय एवं व्यवधान के उत्तरदायी आप होंगे।
द्वारा - सुबोध कुमार गुप्ता
फर्म - भोलाराम सतीश कुमार

प्रेषक
गिरजेश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट
अशोकनगर म.प्र.


## एचपीवी वैक्सीनेशन को पूर्ण समर्थन बरखेड़ा लाल हाई स्कूल में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वुधवार को हाई स्कूल बरखेड़ा लाल में एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिला आरआई टीम द्वारा संचालित किया गया।

इसी क्रम में, सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में टीम बरखेड़ा लाल के हाई स्कूल में पहुंची। कार्यक्रम की पूर्व तैयारी के तहत विद्यालय के प्राचार्य मोहन शर्मा से समन्वय कर सभी किशोरी बालिकाओं की लाइन लिस्ट पहले ही तैयार कर ली गई थी, जिससे टीकाकरण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। विद्यालय स्टाफ द्वारा टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी ने बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनके मन में मौजूद डर को दूर किया। खास बात यह रही



कि बालिकाओं ने उत्साह बढ़ाने के लिए माता के भजनों का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। डॉ. राजपूत ने बताया कि उनका लक्ष्य अधिक से अधिक किशोरी बालिकाओं तक पहुंच बनाकर जिले में वैक्सीनेशन कवरेज को बढ़ाना है, ताकि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर टीम में प्रियंका सोनी, पंकज शर्मा, रेखा खांडे, बबली शर्मा, आशा कार्यकर्ता एवं आशा सुपरवाइजर सुनीता शर्मा, सरपंच हेमंत धाकड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नरसुखेड़ी रात्रि चौपाल में समन्वयक सुशील ने ग्रामीणों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

विकासखंड ईसागढ़ नवरंगपुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोमनाथ सेवा प्रचार प्रचार समिति शंकरपुर द्वारा सेक्टर ढाकोनी 3 की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नरसुखेड़ी के ग्राम में रात्रि चैपाल कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे मुख्य अतिथि संभाग समन्वयक सुशील बरुआ, जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान एवं ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में रात्रि चैपाल का हुआ आयोजन।

जिसमे सर्व प्रथम हनुमानजी महाराज के मंदिर में सभी ने माथा टेक दर्शन किए इसके बाद मराठा समाज के जननायक शिवाजी राव जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर फूलमाला पहनाकर रात्रि चैपाल का शुभारंभ किया। जिसमे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नरसुखेड़ी अध्यक्ष दिलीप राठौर ने मुख्य अतिथि संभाग समन्वयक सुशील बरुआ को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने ग्राम के पूर्व सरपंच अनिल राव मराठा का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक ने किया। इस दौरान संभाग समन्वयक ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंसान और जानवर में क्या अंतर है क्योंकि दोनों ही एक जैसी प्रक्रिया करते है केवल एक ही अंतर है वो धर्म इंसान धर्म को मानकर चलता है जबकि जानवर का कोई धर्म नहीं जल संवर्धन अभियान के तहत हम सभी जो कार्य करते है वो निस्वार्थ करते है।




### कार्यालय नगर परिषद शाढौरा. जिला अशोकनगर म. प्र.

दूरभाष क्रमांक 07543-226744, ई-मेल:cmoshadora@mpurban.gov.in
क्रमांक:/2026/343 शाढौरा दिनांक: 24/03/2026

-: निविदा विज्ञप्ति सूचना :-

श्री मारूति पशु मेला में मनोरंजन हेतु बडे झूले, बडी नाव बच्चो के मनोरंजन हेतु छोटे झूले, मिक्की माऊज, जंपिंग आदि के कार्य हेतु शील बन्द निविदायें ऑनलाईन पद्धति के माध्यम से दिनांक 30.03.2026 समय शाम 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 01.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी mpteders.gov.in पर देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
नगर परिषद शाढौरा
जिला - अशोकनगर (म.प्र.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद शाढौरा
जिला - अशोकनगर (म.प्र.)

### कार्यालय नगर परिषद शाढौरा. जिला अशोकनगर म. प्र.

दूरभाष क्रमांक 07543-226744, ई-मेल: cmoshadora@mpurban.gov.in
क्रमांक:/2026/344 शाढौरा दिनांक : 23/03/2026

-: निविदा विज्ञप्ति सूचना :-

एतद् द्वारा सूतिच किया जाता है कि श्री मारूति पशु मेला शाढौरा में आयोजित होने वाली 15 दिवसीय रामलीला मंचन हेतु इच्छुक एवं अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो / मण्डलों / संस्थाओं से सील बन्द निविदायें दिनांक 30.03.2026 समय शाम 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 01.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी mpteders.gov.in पर देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
नगर परिषद शाढौरा
जिला - अशोकनगर (म.प्र.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद शाढौरा
जिला - अशोकनगर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराना बाजार निवासी सचिन जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मीना सोनी और कृष्णगोपाल सोनी ने उससे लाठी डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौ शाला टोरिया निवासी लक्ष्मण लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुशील, अरबिंद और राजकुमारी श्रीवास्तव एवं अचर्ना श्रीवास्तव ने प्लॉट पर अवैध कब्जा कर झूठा केस लगाने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी रवि अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आदर्श और जीवनलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघपुर पांडरी निवासी अमोल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण और पूजा आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी भूपेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गजेन्द्र यादव, धनपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रांठ निवासी सविता बाई रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप रघुवंशी निवासी उकावल और राजीव, हेमराज और गजेन्द्र रघुवंशी ने उसके घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। सेहराई पुलिस ने रविन्द्र यादव निवासी सेहराई के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कदवाया पुलिस ने ग्राम छिकरी निवासी हरवीर जाटव के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने नहर कॉलोनी निवासी सोनू सिंह सिक्ख के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।
ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत।
अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम सेमरखेडी निवासी पहलवान पुत्र लटूरा अहिरवार उम्र 61 साल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां संदग्धि परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अशोकनगर।** ईसागढ अशोकनगर मार्ग पर ग्राम तरावली के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार अशोक पुत्र मेहरवान सिंह केवट निवासी महाना की मौत हो गई। वह मजदूरी कर वापिस शहर से अपने घर जा रहा था। जब गांव के लोगों ने उसे रास्ते में पड़ा हुआ देखा तब परिजनों को सूचना दी और उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।
मोबाइल टावर के नीचे आग लगने के बाद दमकल पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

### बचपन नगर की गलियों में बीता, 95वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

# मुंगावली नगर गौरव अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को भावांजलि दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

निर्भीक पत्रकारिता के पर्याय और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले महान देशभक्त अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की 95वीं पुण्यतिथि बुधवार को मुंगावली में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

**मुंगावली की माटी से बचपन का नाता-** गौरतलब है कि विद्यार्थी का मुंगावली से गहरा नाता रहा है। उनका बचपन इसी नगर की गलियों में बीता और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा तत्कालीन एंग्लो वर्नाक्यूलर स्कूल (वर्तमान मिडिल स्कूल, बहादुरपुर रोड) से प्राप्त की थी। यही कारण है कि मुंगावली वासी उन्हें अपना नगर गौरव मानते हैं।

**विद्यार्थी चैराहा पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन-** बुधवार सुबह 10 बजे नगर के विद्यार्थी चैराहा (इमली चैराहा) पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर ज्ञानालय



परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी ने न केवल अपनी कलम से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी, बल्कि 25 मार्च 1931 को कानपुर के दंगों में मानवता और सौहार्द की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दे दिया। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के मुंगावली ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह दांगी ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी के आदर्श आज के समय में और भी प्रासंगिक हैं। उनकी निर्भीक पत्रकारिता और सामाजिक समरसता का संदेश नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग की सहभागिता देखने को मिली। प्रमुख रूप से नगर परिषद अध्यक्ष नीतू ग्वाल, अर्जुन सिंह यादव ज्ञानालय परिवार, भाजपा नेता प्रद्युमन सिंह दांगी, भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह दांगी, एसडीएम इसरार खान, तहसीलदार सोनम शर्मा, तहसीलदार कैलाशचंद मालवीय, राजस्व निरीक्षक रामकिशन अहिरवार, बीईओ श्याम विहारी शर्मा, बीआरसीसी संजय जैन, शहर पटवारी शनि पाखरे, म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला महासचिव राजसिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष तरुण राय, वरिष्ठ पत्रकार मूलचंद राय, पिपरई इकाई अध्यक्ष केके श्रीवास्तव, मुंगावली महासचिव भारतेन्द्र सिंह बैस और कोषाध्यक्ष रामबाबू दुबे, म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा सहित श्यामलाल ग्वाल, राजकुमार नरवरिया, अनुज जैन, राजीव राय, साकिर खान, शंकर राजपूत, विष्णुराव मोरे, दिनेश कुशवाह, साकिर खान, सुरेन्द्र यादव, राजेश कौशिक, शिशुपाल पाल, हिराजु यादव एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# अध्यक्ष ने नगर पालिका कार्यालय में बैठी महिलाओं के काम कराए



नपा अध्यक्ष ने सभी शाखाओं का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वुधवार को नगरपालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान एक संवेदनशील दृश्य सामने आया। कार्यालय के बाहर कुछ माताएं-बहनें प्रतीक्षा में बैठी थीं। जब उनसे देरी का कारण पूछा, तो पता चला कि उन्हें पिछले एक घंटे से छोटे से कार्य के लिए रोका गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, उन्हें तुरंत संबंधित पटल पर ले जाकर प्राथमिकता के साथ उनका कार्य पूर्ण कराया गया। साथ ही उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी हितग्राही या नागरिक को अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा न कराई जाए। जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आए, उसे पूर्ण संतुष्टि के साथ ही विदा किया जाए। कार्यों में पारदर्शिता और गतिशीलता हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके पश्चात कार्यालय में बैठकर सभी नागरिक गणों की व्यक्तिगत रूप से समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनता का समय और उनका सम्मान हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

> हितग्राही या नागरिक को अनावश्यक प्रतीक्षा न कराई जाए

# अशोकनगर दिगंबर जैन महिला परिषद की कमान डॉ. वर्षा को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, शाखा अशोकनगर (राजुल संभाग) के आगामी सत्र 2026-28 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। परिषद की वर्तमान अध्यक्ष प्रियंका जैन एवं सचिव प्रीति बाबा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की मजबूती और एकता का परिचय देते हुए डॉ. वर्षा बड़कुल को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है।

### वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में घोषणा

कार्यकारिणी के चयन के दौरान जैन समाज की वरिष्ठ महिला पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं नीलू बरोदिया, केंद्रीय चेयरपर्सन एवं जनसंपर्क अधिकारी ममता जैन अथाईखेड़ा, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी, रश्मि जैन प्रांतीय चेयरपर्सन, प्रियंका जैन वर्तमान अध्यक्ष, प्रीति बाबा



सचिव, अंजू कांसल कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहीं। डॉ. वर्षा बड़कुल के नाम की घोषणा होते ही सभा में उपस्थित समस्त सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि डॉ. वर्षा के कुशल नेतृत्व में परिषद सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी और संस्था निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगी। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. वर्षा बड़कुल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए परिषद के उद्देश्यों को सेवा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा अशोकनगर में सिलसिला के तहत व्याख्यान व रचना पाठ आयोजित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में ज़लिा अदब गोशा, अशोक के द्वारा सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन 24 मार्च को रोटरी क्लब भवन, अशोकनगर में जिला समन्वयक आरपी कामिल के सहयोग से किया गया। अशोकनगर में आयोजित सिलसिला के लिए मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने अपने संदेश में कहा कि अशोकनगर में गत वर्षों से "सिलसिला" संगोष्ठी में जिस उत्साह और सक्रियता के साथ साहित्यकारों व शायरों की सहभागिता देखने को मिलती रही है, वह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। यह इस क्षेत्र की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और उर्दू अदब के प्रति गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। यहां के साहित्यकार और शायर अपने स्तरीय एवं सार्थक लेखन के लिए पहचाने जाते हैं। ऐसे प्रतिभाशाली रचनाकारों की उपस्थिति इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान करती है। अकादमी का यह प्रयास इस दृष्टि से सफल और सार्थक है कि वह इन योग्य रचनाकारों को एक सशक्त मंच उपलब्ध करा पा रही है, जहाँ वे अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति को व्यापक श्रोताओं तक पहुँचा सकें। अशोकनगर ज़लिे के समन्वयक रवि प्रकाश कामिल ने बताया कि सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शायर सुधीर गुप्ता ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उस्ताद शायर ख़लील अश्क एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश श्रीवास्तव मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर ख़लील अश्क ने अपने वक्तव्य में उर्दू शायरी और ग़ज़ल के इतिहास के बारे में बात की। कार्यक्रम का संचालन महेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरवाई प्रबंधन, गेहूं उपार्जन, एलपीजी, पेयजल, जल गंगा संवर्धन, संकल्प से समाधान अभियान के संबंध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने निर्देश दिए कि नरवाई प्रबंधन हेतु जिले के कृषकों को जागरूक करने हेतु चैपालों का आयोजन किया जाए। चैपालों में किसानों नरवाई जलाने के नुकसान और प्रबंधन के फायदे के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने खाद वितरण हेतु मांग आपूर्ति का डाटा तैयार किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गेहूं उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन एवं सत्यापन का कार्य समस्त एसडीएम द्वारा शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं किसानों के लिए उपलब्ध रहे,इस हेतु उपार्जन केन्द्रों का नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने एलपीजी की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय सीमा में एलपीजी गैस उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस एजेंसियों का समय-समय निरीक्षण किया जाए।

### महावीर जयंती पर दिल्ली के कलाकारों द्वारा किया जाएगा आध्यात्मिक शो

# मुंगावली में दुर्लभ सागर महाराज की भव्य अगवानी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ का भव्य मंगल प्रवेश बुधवार को सुबह नगर में हुआ। जहां नगर के जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा नगर के मल्हारगढ़ रोड स्थित गोशाला पर पहुंचकर मुनि संघ की मंगल आगवानी की गई,जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

मुनि संघ की आगवानी को लेकर दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी द्वारा एक दिन पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी गई। वही मुनि संघ कुरवाई से



मंगल विहार करते हुए नगर में मंगल प्रवेश हुआ, मंगल आगवानी को लेकर लोगों द्वारा अपने घरों के बाहर आकर्षक रंगोली सजाई गई। वहीं इस अगवानी में नगर के दिव्य घोष वीर सेवा दल ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मुनि संघ मल्हारगढ़ रोड, विद्यार्थी चैराहा, स्टेशन रोड,टॉकीज चैराहा,होते हुए संत निवास पहुंचे, वही मुनि संघ का जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया। वही संत निवास में श्रीजी का अभिषेक,शांतिधारा की क्रियाएं मुनि संघ के मुखारबिंद सम्पन्न हुई।

### महावीर जयंती पर आध्यात्मिक शो का आयोजन होगा

मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ के सानिध्य में जहां महावीर जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वही इस बार नगर के इतिहास में प्रथम वार आध्यात्मिक शो का आयोजन किया जाएगा, जिसका नाम रत्नत्रय होगा जो कि बर्धमान से वर्तमान के बर्धमान की गाथा को प्रस्तुत करेंगे, जिसमें देश के जाने माने कलाकार इस आध्यात्मिक शो में शामिल होगें। यह आयोजन पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित किया जाएगा, जो महावीर जयंती के दिन शाम को आयोजित किया जाएगा।

# पिपरई में शराब व मांस की दुकान खोलने के विरोध में नगरवासियों ने ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

नगर में प्रस्तावित शराब और मांस की दुकान को लेकर स्थानीय लोगों में विरोध बढ़ता जा रहा है। नगर की महिलाओं एवं नगरवासियों ने मिलकर एसडीएम एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। वहीं दूसरा ज्ञापन सीएमओ को भी दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर पिपरई में मंदिर, गुरुद्वारे, शैक्षणिक संस्थान और घनी आबादी वाले रहवासी क्षेत्र मौजूद हैं। ऐसे स्थानों के पास शराब या मांस की दुकान खोलने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे धार्मिक भावनाओं,




श्रद्धालुओं और विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस कारण नगरवासी इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि पहले से ही नगर विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है और यदि यहां शराब की नई दुकान खोली जाती है तो स्थिति और अधिक खराब हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी दुकानों को नगर के बाहर, आबादी से दूर किसी अलग चिन्हित स्थान पर खोला जाए।

# जित्तू खारे की राई पर झूमा जनसैलाब गणगौर मेले में उमड़ी भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जागेश्वरी गणगौर मेले में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार की रात बुंदेली संस्कृति के रंग जमकर बिखरे। सुप्रसिद्ध बुंदेली गायक जित्तू खारे बादल को सुनने के लिए जनसैलाब इस कदर उमड़ा कि मेला परिसर छोटा पड़ गया। आलम यह था कि देर रात तक पंडाल में पैर रखने की भी जगह नहीं बची।

**देर रात तक चला बुंदेली लोकगीतों का जादू-** रात करीब 9:00 बजे जैसे ही जित्तू खारे ने मंच संभाला, दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने अपनी सुपर हिट बुंदेली राई और लोकगीतों की प्रस्तुति से समां बांध दिया। कार्यक्रम रात 2:00 बजे तक अनवरत चलता रहा और श्रोता मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे।

### दुकानदारों के चेहरे खिले पुलिस के छूटे पसीने


जित्तू खारे के कार्यक्रम का सीधा लाभ मेला व्यापारियों को भी मिला। भीड़ बढ़ने से दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई, जिससे दुकानदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। हालांकि, भारी भीड़ के कारण सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति ऐसी थी कि पुलिस के लिए भीड़ को नियंत्रित करना भी मुश्किल हो गया।

**आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन अलर्ट-** नगर पालिका द्वारा आयोजित मेले में मनोरंजन का सिलसिला जारी है। आने वाले दिनों में और भी बड़े कार्यक्रम होने हैं 28 मार्च जयसिंह राजा परमार की प्रस्तुति एवं 02 अप्रैल कविता शर्मा का कार्यक्रम आयोजित होगा। जित्तू खारे के प्रोग्राम में उमड़ी भीड़ को देखते हुए प्रशासन अब अलर्ट मोड पर है। आने वाले कार्यक्रमों में भारी जनसमूह के जुटने के अनुमान को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की जा रही है।

# जगत को अनुशासित प्रेम करना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चंद्र ने सिखाया: अविचल सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मोह माया को छोड़ना नहीं है बस इतना कर लें कि मोह किस्से कितना करना है, भगवान से सबसे अधिक प्रेम करो, मोह रखो फिर देखना तुम्हारे अंदर कैसे आत्मबल आता है। मोह को छोड़ना नहीं है किससे कितना करना है इस बात पर विचार करना है अपने मोह को सभ्य अनुशासित और मर्यादित बनाना ही धर्म होता है। भगवान ने भी तो मोह किया मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र ने हमें किस्से कितना मोह प्रेम करना है यही तो सिखाया उनके जीवन का एक एक वृतांत हमें इस संसार में कदम कदम पर संभल कर चलना सिखाता है। सच कहें तो हम महापुरुषो के जीवन को ऊपर ऊपर ही देखते हैं। महापुरूष को आप से कुछ नहीं चाहिए वह तो प्रेम के भूखे हैं आचार्य श्री विद्यासागर मुनि पुंगव सुधासागर महाराज की प्रेरणा से यहां तक आए हो तो महापुरुषों से प्रेम कर लो आप लोगों को भी पंच परमेश्वर से प्रेम



करना है उसमें राग-द्वेष न हो। इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर महाराज ऐसे क्षेत्र में देशभर की समाज को प्रेरणा दे रहे हैं जिस दिशा में सर्वसमाज जनों का ध्यान ही नहीं है पद विहार करते हुए सड़क पर पड़ी घायल गायों को देखा और उनका दर्द महसूस किया और समाज को इस दिशा में आगे आने की प्रेरणा दी। श्री के सान्निध्य में दया भावना फाउंडेशन अशोकनगर द्वारा बहुत शीघ्र स्टेशन के पास स्थित गौ अस्पताल में ऐक्सरा मशीन स्थापित की जायेगी। इस हेतु कल मुनि श्री ने इसके आवश्यकता पर पंचायत कमेटी के साथ विस्तार से विचार विमर्श किया। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई दया भावना टीम से नीलेश टिकंल एन के सचिन ऐन एस सहित अन्य प्रमुख जनो ने मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मुनि श्री के सान्निध्य में हुई जगत कल्याण के लिए महा शान्ति धारा

प्रत्येक जीव की सुख-समृद्धि के लिए निरन्तर भावना भाने वाले दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर महाराज के श्री मुख से आज जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा के बीज मंत्रो का ब्रहद रुप श्रवण करने को मिला। इस दौरान शान्ति धारा करने का सौभाग्य सुचित कुमार सचिन कुमार कासल जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ओम प्रकाश देवेन्द्र कुमार धुर्रा सानू जैन महावीर ज्वेलर्स सहित अन्य भक्तों को प्राप्त हुआ इस अवसर पर मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में भगवान महावीर जन्म जयंती तक प्रतिदिन ब्रहद शान्ति धारा हो रही है आप सभी इसका सौभाग्य प्राप्त करें।

### प्रिय जनों का प्रेम मिलें स्नेह मिले इन्हें प्राप्त करने का भाव होना चाहिए

धर्म सभा में मुनिश्री ने कहा कि जिसने जन्म जनामन्तरो में मिले सुख वैभव समृद्धि को त्याग कर जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण कर देवाताओ की सेवा का त्याग कर परम वीतरागता को धारण कर लिया। ऐसे महापुरुषों की कृपा हम सब पर कैसे हो हमारा जीवन भी महा- कैसे वने वैभव समृद्धि सुख मिले प्रिये जनो का स्पट जनो का प्रेम मिलें स्नेह मिले।

## 11902 बालिकाओं को लगा सुरक्षा कवच, लक्ष्य की ओर बढ़ते कदम

# उपलब्धिः सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जिला समूचे प्रदेश में दूसरे मुकाम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

महिलाओं में होने वाले जानलेवा सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के लिए शरु किए गए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में राजगढ़ जिले ने पूरे मध्य प्रदेश में अपनी सफलता का परचम लहराया है। जिले में 28 फरवरी से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत राजगढ़ वर्तमान में प्रदेश में दूसरे स्थान पर काबिज हो गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा की गई सतत मॉनिटरिंग ओर दिशानिर्देश अहम रहे हैं।

### लक्ष्य के करीब पहुंचता जिला

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया ने बताया कि जिले के लिए कुल 15942 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। कलेक्टर द्वारा समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कराना और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता एवं जन-जागरूकता के चलते 25 मार्च तक 11902 बालिकाओं को वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है। गौरतलब है कि यह वैक्सीन वर्तमान में केवल 14 वर्ष की आयु वाली बालिकाओं को ही लगाई जा रही है।

**महिलाओं को कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाया जा रहा अभियान**




### 4 हजार से अधिक की है यह एक वैक्सीन

उल्लेखनीय है 14 वर्ष से अधिक वय की बालिकाओं को लगने वाली यह एक ही वैक्सीन करीब 4 हजार रुपए से अधिक लागत है। इसके साथ ही विश्व में 40 करोड़ से अधिक बालिकाओं का यह वैक्सीन लगाई जा चुकी है ताकि भविष्य में उन्हें सर्वाइकल कैंसर से बचाया जा सके।

### जिले के सात केंद्रों पर लग रही है यह वैक्सीन

अभियान की शुरुआत जिले की केवल 7 स्वास्थ्य संस्थाओं से की गई थी, लेकिन वैक्सीन की बढ़ती मांग और अभिभावकों के उत्साह को देखते हुए केंद्रों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की गई। डॉ. भकोरिया के अनुसार, यह उपलब्धि स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत और आमजन के सहयोग का परिणाम है। टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए डीआईओ डॉ. भकोरिया ने स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। दुनिया के 148 देशों में अब तक लगभग 50 करोड़ बालिकाओं का सफल टीकाकरण हो चुका है। यह वैक्सीन भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को जड़ से खत्म करने में सहायक है। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि जिन बालिकाओं ने अभी तक यह सुरक्षा कवच प्राप्त नहीं किया है, वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीकाकरण अवश्य करवाएं ताकि कैंसर मुक्त भविष्य की नींव रखी जा सके।

## विभिन्न लापरवाहियों पर जिला पंचायत सीईओ की

# हालाहेड़ी ग्राम पंचायत सचिव सस्पेंड हिनोती जीआरएस जपं अटैच किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले की ग्राम पंचायतों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा सभी मामलों की गहन जांच करवाई जा रही है। इसी क्रम में खिलचीपुर जनपद की ग्राम पंचायत हालाहेड़ी एवं राजगढ़ जनपद की पंचायत हिनोती से मिली वित्तीय गड़बड़ियों की जांच उपरान्त सचिव के निलंबन एवं रोजगार सहायक को जनपद में अटैच करने की कार्यवाही जिपं सीईओ ने की है।

### दूसरे के नाम से वेंडर बनाकर निकाली थी राशि

खिलचीपुर जनपद की ग्राम पंचायत हालाहेडी के सचिव लखन सिंह खींची द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए बालाजी ट्रेडर्स ब्यावराकलां प्रोप्राइटर कुशल सिंह दांगी सरपंच पुत्र को वेंडर बनाकर राशि निकाल ली गई। जबकि वर्तमान में बालाजी ट्रेडर्स की ब्यावराकलां में दुकान संचालित नहीं है तथा ग्राम पंचायत द्वारा राशि आहरण की प्रक्रिया गलत तरीके से की गई, जिसके चलते सचिव लाखनसिंह खींची को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

**इधर, हिनोती के रोजगार सहायक पर भी कार्यवाही प्रस्तावित :** शासन को नुकसान




पहुंचाने वाले कार्यवाहियों की कड़ी में देवेंद्र शर्मा, ग्राम रोजगार सहायक, जनपद पंचायत राजगढ़, तत्कालीन ग्राम पंचायत काशीखेड़ी जनपद पंचायत जीरापुर द्वारा अपनी तत्कालीन ग्राम पंचायत काशीखेड़ी में समान नाम वाले अन्य हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास का लाभ देते हुए, आवास की राशि की अनियमितता करने संबंधी प्रकरण में श्री देवेंद्र शर्मा ग्राम रोजगार सहायक को निलंबित विरत कर आगामी आदेश तक जनपद पंचायत राजगढ़ में संबंध किया

**प्रभारी मंत्री के निर्देशों पर समिति गठित, समस्या निराकृत :** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किस्त जारी होने के बाद लगभग 462 हितग्राहियों को विकासखंड स्तरीय सत्यापन दल द्वारा अपात्र किया जाकर वसूली की कार्रवाई प्रचलित थी। पात्र लोगों को गलत सूचना एवं जानकारी के आधार पर जल्दबाजी में अपात्र करने संबंधी जानकारी माननीय प्रभारी मंत्री जिला राजगढ़ के संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय अपीलीय समिति में अपात्र किए गए हितग्राहियों के प्रकरणों पर पुनः विचार किए जाने के निर्देश दिए गए।

इसके परिपालन में 23 मार्च 2026 को जिला स्तरीय अपीलीय समिति में सारंगपुर के 112 तथा जीरापुर के 8 प्रकरण विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किए गए। समिति द्वारा उक्त प्रकरणों में से 60 हितग्राहियों को पात्र पाए जाने से अनुमोदन प्रदान कर आवास का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन को प्रस्ताव प्रेषित कर पात्र हितग्राहियों को आगामी किस्तों की राशि भुगतान हेतु मांग की जाएगी।




## कलेक्टर ने की कार्यवाही

# अधिकारी की वेतनवृद्धि रोकी गई, ऑपरेटर का वेतन काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा हर मंगलवार जनसुनवाई के पूर्व संवाद से समाधान कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है। कल इस कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने तल्ख रुख अपनाते हुए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की वेतनवृद्धि रोकते हुए एक कम्प्यूटर ऑपरेटर का सात दिवस का वेतन काटने के आदेश प्रदान किए।

इस कार्यक्रम के दौरान शिकायतकर्ता लक्ष्मण सिंह गुर्जर द्वारा बताया गया कि आवेदिका संगीता राय सिंह की समग्र आईडी में पति का नाम नहीं है, जिसमें सुधार नहीं किया जा रहा है। इसके चलते आवेदिका को काफी समस्या हो रही है। कलेक्टर ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए समाजिक सुरक्षा अधिकारी जीरापुर को कारण बताओं नोटिस जारी करने व एक वेतन वद्धि रोकने के निर्देश दिए।

### कम्प्यूटर ऑपरेटर का वेतन काटा गया

एक शिकायतकर्ता मुकेश वर्मा ने बताया कि वार्ड क्रं 15 शीतला माता मंदिर के पास नगर पालिका ब्यावरा में रहता हूं। आवेदक का नाम समग्र आईडी में जुड़वाने के लिए आवेदन किया गया था। जिसको आज दिनांक तक समग्र में नाम नहीं जोडा गया। कलेक्टर ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका ब्यावरा के कम्प्यूटर ऑपरेटर चंद्र प्रकाश वर्मा द्वारा लापरवाही करने पर 07 दिवस का वेतन काटने व कारण बाताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता श्री रामबाबू वर्मा द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत घटिया ने उल्लेख किया कि वे ब्लॉक सारंगपुर में रहते हैं। उनके परिवार की आईडी अलग करने का आवेदन किया गया था परन्तु समस्या का निराकरण नहीं हुआ। इस पर कलेक्टर ने सारंगपुर जपं सीईओ को आवश्यक निर्देश दिए।

## हादसों का डर, एमपीआरडीसी व प्रशासन भी नहीं दे रहा ध्यान

# नेवज के पुराने बड़े पुल की रेलिंग टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर से प्रवाहित नेवज नदी के ऊपर वर्ष 2016 में हाईवे के दोहरीकरण के चलते नवीन पुल बनवाया गया था। इसी नवीन पुल पर से अब जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे का पूरा यातायात गुजरता है लेकिन नए पुल के कारण पुराने बड़े पुल की हालत को जिम्मेदार भूल चुके हैं।

उक्त पुराने बड़े पुल के एक तरफ की रेलिंग पूरी तरह से टूट फूट चुकी है या चुरा चुराकर ले गए हैं। ऐसे में इस पुल के ऊपर से गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों के सीधे नदी में गिरने की संभावना बन चुकी है। चूंकि, उक्त पुराना पुल एनएचएआई के अंडर में हुआ करता था और वर्तमान बड़ा पुल एमपीआरडीसी के अधीन आता है, इसलिए एनएचएआई के जिम्मेदार भी इसके रख-रखाव की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।



**कई गांवों को जोड़ता है यह पुल**

नेवज नदी का बड़ा पुल मद्यपुरा, कालीतलाई सहित उस क्षेत्र के अन्य गांवों और मुख्यालय के किशनगढ़ क्षेत्र के रहवासियों को सीधे-सीधे जोड़ता है। इस पुल से रोजाना सैकड़ों की संख्या में मोटर साइकिलें गुजरती हैं। ऐसे में एक तरफ की रेलिंग पूरी टूटने से बाईक चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बढ़ गई है। स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन के जिम्मेदारों से इस पुल के रख-रखाव की अपील की है ताकि संभावित हादसों को होने से रोका जा सके।



## विश्व क्षय दिवस पर सीएमएचओ का संबोधित

# टीबी मुक्त राजगढ़ अभियान की नर्सिंग छात्राओं को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजगढ़ में एक कार्यशाल आयोजित की गई जिसमें जिसमें टीबी कार्यक्रम के बारे में विस्तार जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने टीबी मरीजों की टेस्टिंग, उपचार, निदान, निक्षय पोषण योजना, फूड बास्केट, निक्षय मित्र आदि के बारें में छात्राओं को विस्तार से समझाया।

सीएमएचओ ने बताया कि राजगढ़ जिले में टीबी का सक्सेस रेट 94 प्रतिशत है जो कि मध्य प्रदेश में सर्वोच्च है। जिन संभावित टीबी मरीजों को खांसी या कफ दो हफ्ते से ज्यादा, बुखार, रात में पसीना आना, बलगम में खून आना, सीने में दर्द, सांस लेने में दिक्कत होना, वजन का काम होना, भूख न लगना, थकान, गर्दन पर सूजन एवं अन्य एक्स्ट्रा पलमोनरी सिम्टम्स) एक भी लक्षण होने पर हाईटेक नॉट मशीन द्वारा टेस्ट किया जाता है एवं एक्सरे किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल ने 04 उपचाररत क्षय मरीजों को फूड-बास्केट वितरीत की गई। कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ. शकील अहमद खांन, डीसीएम सुनील वर्मा, नर्सिंग कॉलेज प्राचार्या मनीषा हटीला, जिला समन्वयक कीर्तिसिंह कुशवाह, पीएमडीटी कोर्डिनेटर महेन्द्र पहाड़ी एवं क्षय स्टाफ व अन्य उपस्थित थे।

### लापरवाही पर पटवारी सुरेश सिंह मीणा निलंबित

**विदिशा।** तहसील में पदस्थ पटवारी सुरेश सिंह मीणा को शासकीय कार्यों में लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के चलते एसडीएम क्षितिज शर्मा द्वारा निलंबित कर दिया गया है। उच्च न्यायालय ग्वालियर में लंबित प्रकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज लेकर महाधिवक्ता से संपर्क करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन पटवारी ने न तो उपस्थिति दी और न ही सूचना दी। इससे समय पर शासन का जवाब प्रस्तुत नहीं हो सका। कारण बताओ नोटिस के बाद भी जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में मुख्यालय ग्रामीण तहसील कार्यालय निर्धारित किया गया है।

### ग्यारसपुर में भव्य चुनरी यात्रा निकली

**ग्यारसपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर छापर मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर से चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दरवाजे वाली माता मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से चुनरी अर्पित की। खजिया बाग व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

### जनसुनवाई में 124 आवेदन प्राप्त, 74 का मौके पर निराकरण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कुल 124 आवेदनों के माध्यम से नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं प्रस्तुत कीं। इनमें से 74 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर संबंधित आवेदकों को राहत प्रदान की गई। शेष लंबित आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही निराकरण की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के लिए भी कहा गया है। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी एवं एसडीएम क्षितिज शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित रहकर आवेदकों की समस्याएं सुनीं।

# मेडिकल कॉलेज की समस्याओं को लेकर विधायक मुकेश टंडन ने उठाई आवाज

### उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखे गए सुपर-स्पेशियलिटी सहित कई अहम प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मंत्रालय भोपाल में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा की सामान्य सभा समिति की तृतीय बैठक में क्षेत्रीय विधायक मुकेश टंडन ने मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल की प्रमुख समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया।

बैठक की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) द्वारा की गई, जिसमें विधायक ने लिखित रूप में आवश्यक मांगें प्रस्तुत कर शीघ्र समाधान का आग्रह किया। श्री टंडन ने कॉलेज को "आदर्श मॉडल मेडिकल कॉलेज" के रूप में विकसित करने हेतु विशेष पैकेज की मांग की। इसमें स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग, रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रीन कैंपस और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं शामिल हैं। वहीं 24 घंटे कैंटीन, नए छात्रावास निर्माण और उच्च क्षमता वाले ऑडिटोरियम के निर्माण की भी मांग की गई। विधायक ने आग्रह किया कि इन सभी प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति दी जाए, जिससे विदिशा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो सके।

**सुपर-स्पेशियलिटी सेवाओं की मांग**



विधायक ने न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी और यूरोलॉजी जैसे सुपर-स्पेशियलिटी विभागों की स्थापना पर जोर दिया। साथ ही केथ लैब, न्यूरो ऑपरेशन थिएटर और डायलिसिस यूनिट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि गंभीर मरीजों को बड़े शहरों की ओर रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रेफरल को कम कर स्थानीय स्तर पर ही अधिकतम उपचार की व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे मरीजों को राहत मिल सके।

**बाल चौपाल में प्रमाण पत्र वितरण किए गए** विदिशा। सेक्टर ठर्र के ग्राम सन कुआंखेड़ी, भैरोखेड़ी व धतुरिया में बाल चौपाल के तहत विद्यारंभ, प्रवेश उत्सव व ग्रेजुएशन समारोह आयोजित हुआ। कार्यकर्ताओं ने संगीत के साथ बच्चों का स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा प्रमाण पत्र वितरित किए।

## उर्स क्षेत्र में रात भर तैनात रहते हैं 200 पुलिसकर्मी

# अम्मी, अब्बू की गोद में पहुंचा उर्स में गुमा मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय स्थित बाबा बदख्सानी की दरगाह पर लग रहे 112वें सालाना उर्स में प्रतिदिन हजारों की संख्या में जायरीन उमड़ रहे हैं। इस दौरान आपराधिक घटनाएं भी हो रही हैं जिन पर पुलिस लगतार अंकुश बनाए हुए है वहीं बच्चे भी गुम हो रहे हैं जिन्हें उर्स कमेटी या सुरक्षा जवानों द्वारा ढूंढकर परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है।

### रोते चेहरे पर खिली मुस्कान

इसी कड़ी में 23 मार्च की रात्रि उर्स मेले में तीन वर्षीय बालक अबुजर पिता बबलू रोते हुए पाए जाने पर गश्त पर लगे पुलिसकर्मियों ने बालक को पहले अपनी कस्टडी में लिया। इसके उपरान्त मेला चैकी से अनेकों बार एनाउन्समेंट करवाया गया। पुलिस की इस त्वरित सजगता से उसके परिजन तुरंत मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने रोते हुए अबुजर को उसकी माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। अपने अम्मी-अब्बु को देखते ही बच्चे के रोते चेहरे पर मुस्कान खिल आई।



### परन्तु यहां पुलिस को ध्यान रखना जरूरी

उर्स मेला क्षेत्र में भलेंही पुलिस का अमला सक्रिय है परन्तु बाहर आ रहे वाहनों पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। प्रतिदिन रात्रि में ऑटो, पिकअप में 20 से 30 लोग जिनमें बच्चे, बड़े सहित अन्य शामिल रहते हैं वे अपनी जान जोखिम में डालकर पहुंच रहे हैं। यातायात टीआई इति शर्मा की लाख समझाईस के बावजूद वाहन चालक और उर्स में आने वाले जायरीन अपनी जान जोखिम में डालते नजर आ रहे हैं।